# क्रोएशिया

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

भारत के प्रधानमंत्री ने **वर्ष 2025 में कनाडा में** आयोजित G7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद अपनी तीन देशों की यात्रा **(साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया)** के अंतर्गत क्रोएशिया के राष्ट्रपति से मुलाकात की।

## क्रोएशिया (क्रोएशिया गणराज्य)

- **स्थान:** क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्व यूरोप के संगम पर **एड्रियाटिक सागर** के किनारे स्थित है।
  - इसकी स्थलीय सीमा **स्लोवेनिया, हंगरी, सर्बिया, बोस्निया और हेर्ज़ेगोविना, मोंटेनेग्रो** के साथ तथा समुद्री सीमा इटली के साथ लगती है।
  - ऐतिहासिक रूप से **क्रोएशिया यूगोस्लाविया का हिस्सा** था, जब तक कि उसने वर्ष **1991 में स्वतंत्रता** प्राप्त नहीं कर ली। इसके बाद देश में **पुनर्निर्माण और लोकतांत्रिक सुधारों** की प्रक्रिया शुरू हुई।
- **भूगोल और जलवायु:** क्रोएशिया में **उपजाऊ मैदान, पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र** (जिसमें **दीनारिक आल्प्स** शामिल हैं, जिनमें **दिनारा पीक** की ऊँचाई **1,831 मीटर** है) तथा एक ऊबड़-खाबड़ तटीय क्षेत्र शामिल हैं।
  - इसके अंतर्देशीय क्षेत्र में **महाद्वीपीय जलवायु** विद्यमान है, जिसमें **ग्रीष्म ऋतु और शीत ऋतु** का अनुभव होता है, जबकि तटवर्ती क्षेत्र में भूमध्यसागरीय जलवायु पाई जाती है, जिसमें मृदु शीतकाल एवं शुष्क ग्रीष्मकाल होता है।




- **नदियाँ और झीलें:** प्रमुख नदियों में **डेन्यूब, सावा, द्रवा, क्रका, कूपा, ऊना और सेटीना** शामिल हैं तथा प्रमुख झीलें **प्लिटविस झीलें (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल)** एवं **व्रना झील** हैं।
  - सावा नदी पर स्थित इसकी राजधानी **ज़ाग्रेब प्रशासनिक और आर्थिक केंद्र** है।

- यह **यूरोपीय संघ और NATO** दोनों का सदस्य है।

**और पढ़ें: भारत-क्रोएशिया संबंध**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/croatia-1